# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल मनोहरपुर ।

Email:- eercdmanohar-jhr@nic.in

**पत्रांक :– 626(अनु०)** **,मनोहरपुर /दिनांक :– 19.06.17**

**प्रेषक,**

**कार्यपालक अभियंता,**
**पथ निर्माण विभाग,**
**पथ प्रमंडल, मनोहरपुर**

**सेवा में,**

**वन प्रमंडल पदाधिकारी,**
**सारंडा वन प्रमंडल,**
**चाईबासा ।**

**विषय –** गुवा-सलाई पथ के कि०मी० 2.00 से कि०मी० 11.00 एवं कि०मी० 11.00 से 29.00 के वन क्षेत्र वाले पथांश का चौड़ीकरण / मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य हेतु वन भूमि अपयोजन के प्रस्तावों के संबंध में |

**प्रसंग :-** (1) आपका ज्ञापांक: 1002, दिनांक :- 25.05.2017.

(2) श्री सुनील कुमार, उप सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार का ज्ञापांक: 2254, दिनांक: 29.05.2017.

**महाशय,**

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय के संबंध में कहना है कि विषयांकित कार्य गुवा-सलाई पथ के कि०मी० 2.00 से कि०मी० 11.00 पथांश का चौड़ीकरण / मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य एवं गुवा-सलाई पथ के कि०मी० 11.00 से कि०मी० 29.00 पथांश का चौड़ीकरण / मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य हेतु वन भूमि अपयोजन के प्रस्तावों को एकीकृत कर समेकित प्रस्ताव समर्पित करने का निदेश दिया गया है | इस संबंध में कहना है कि झारखण्ड सरकार द्वारा ही इस पथ के चौड़ीकरण / मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य हेतु दो अलग अलग भागों यथा कि०मी० 2.00 से कि०मी० 11.00 एवं कि०मी० 11.00 से कि०मी० 29.00 की तकनिकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है | सुलभ प्रसंग हेतु दोनों भागों के तकनिकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति पत्र की छाया प्रति संलग्न किया जा रहा है | तकनिकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति अलग होने के कारण दोनों भागों की निविदा अलग अलग निकाली गयी है |

विदित है कि गुवा-सलाई पथ का पूर्ण पथांश (कि०मी० 2.00 से कि०मी० 29.00) अति उग्रवाद प्रभावित एवं दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र से होकर गुजरता है | अतएव झारखण्ड सरकार द्वारा उग्रवाद नियंत्रित करने एवं पहाड़ी क्षेत्र में रहनेवाले आम नागरिकों के लिए यातायात को सुगम बनाने तथा सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को उन तक पहुँचाने के लिये ही इस पथांश के चौड़ीकरण / मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य की मंजूरी दी गयी है | दोनों योजनाओं की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति अलग होने से अलग एकरारनामा भी है जिसे सामेकित रूप से वन भूमि अपयोजन कार्य करने पर भविष्य में लेखा आपत्ति की संभावना बनी रहेगी |

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि वर्णित परिस्थिति के आलोक में ही अलग अलग वन भूमि अपयोजन कार्य का प्रस्ताव समर्पित किया गया था |

अतः अनुरोध है कि समर्पित प्रस्तावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची को अनुसंशा के साथ अग्रसारित करने की कृपा करना चाहेंगे ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं को जनहित में पूर्ण किया जा सके |

**अनुलग्नक:- यथोक्त |**

**विश्वासभाजन**

19/06/17

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमंडल मनोहरपुर |

**(कृ०पृ०उ०)**

**ज्ञापांक : 626(अनु०)** **दिनांक : 19.06.17**

**प्रतिलिपि :-** वन संरक्षक, प्रादेशिक वन अंचल, चाईबासा, / श्री सुनील कुमार, सरकार के उप सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची, / प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-कार्यकारी निदेशक, वंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड , राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु समर्पित।

**अनुलग्नकः- यथोक्त।**

19/06/17

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, मनोहरपुर।

**ज्ञापांक : 626** **दिनांक : 19.06.17**

प्रतिलिपि :- मुख्य अभियंता (या०) , पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु सादर समर्पित।

19/06/17

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, मनोहरपुर।